भारत सरकार

योजना मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2974**

दिनांक 05.08.2026 को उत्तर देने के लिए

**समर्पित राष्ट्रीय मिशन**

**2974. श्री वीरेन्द्र सिंहः**

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार युवाओं में नवाचार, अनुसंधान तथा तकनीकी विकास को प्रोत्साहित करने के लिए कोई समर्पित राष्ट्रीय मिशन संचालित कर रही है तथा यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या 'अटल नवाचार मिशन', 'स्टार्टअप इंडिया' अथवा अन्य ऐसी योजनाओं के माध्यम से विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा ग्रामीण क्षेत्रों में नवाचार प्रयोगशालाएं स्थापित की जा रही हैं तथा यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इन पहलों का लाभ देश के दूरस्थ क्षेत्रों तक प्रभावी रूप से पहुंच रहा है तथा यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं; और

(घ) क्या सरकार द्वारा युवा शोधकर्ताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु किसी विशेष अनुदान अथवा अध्येतावृत्ति योजना शुरु की गई है तथा यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं

राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

**(राव इंद्रजीत सिंह)**

**(क) से (ग)** जी, हाँ। सरकार युवाओं में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए अटल नवाचार मिशन (एआईएम) का कार्यान्वयन कर रही है। मिशन के तहत 10,000 अटल टिंकरिंग लैब्स (एटीएल), 93 अटल इनक्यूबेशन सेंटर (एआईसी), 25 अटल कम्युनिटी इनोवेशन सेंटर (एसीआईसी) स्थापित

किए गए हैं। स्थापित किए गए एटीएल में से 60 प्रतिशत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। इसके अलावा, एसीआईसी मुख्य रूप से जमीनी स्तर पर नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए टियर II, टियर III, ग्रामीण और आकांक्षी क्षेत्रों में स्थापित किए गए हैं।

**(घ)** जी, हाँ। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एएनआरएफ) ने राष्ट्रीय पोस्ट-डॉक्टोरल फेलोशिप (एनपीडीएफ) कार्यक्रम शुरू किया है जिसका उद्देश्य प्रेरित युवा अनुसंधानकर्ताओं की पहचान करना और उन्हें विज्ञान और इंजीनियरिंग के अग्रणी क्षेत्रों में अनुसंधान करने के लिए सहायता प्रदान करना है। एएनआरएफ ने शोधकर्ताओं को उनके अनुसंधान कैरियर को शुरू करने में सहायता करने के लिए प्रधानमंत्री प्रारंभिक कैरियर अनुसंधान अनुदान भी शुरू किया है। इसके अलावा, एएनआरएफ के रामानुजन फेलोशिप कार्यक्रम को भारत के बाहर से प्रतिभाशाली भारतीय/भारतीय मूल के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को आकर्षित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

****